ONC

प्रशासनिक कार्यालय जनपद न्यायालय उन्नाव।

विज्ञप्ति

न्यायिक अधिष्ठान उन्नाव में कर्मचारीगण की कमी और न्यायालयों के निर्विघ्न सुचारू संचालन के दृष्टिगत माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के परिपत्र संख्याः– 14/प्रशासन डी सेक्शन दिनांकित 15.10.2022 के अनुपालन में निम्न शर्तों के अधीन जनपद न्यायालयों से सेवानिवृत्त आशुलिपिक, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण के आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:–

01. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी।

02. यह नियुक्ति एक वर्ष हेतु (यदि पदोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से न भरी जाये या 65 वर्ष की आयु पूर्ण न हो जाये या पूर्व में नोटिस द्वारा नियुक्ति समाप्त न कर दी जाये या इनमें से जो पहले हो तक) की जायेगी।

03. भर्ती साक्षात्कार एवं सम्बन्धित कर्मचारी के पूर्व सेवा अभिलेख एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के आधार पर की जायेगी।

04. पूर्व में अयोग्य घोषित किये गये कर्मचारीगण के आवेदन पत्र पर पुनः विचार नहीं किया जायेगा।

उक्त पदों का वेतनमान सम्बन्धित पद पर आवेदक को मिलने वाले अन्तिम वेतन से पेंशन की राशि काटकर मानदेय के रूप में देय होगा।

आवेदक अपना आवेदन दिनांक 07.03.2025 को सायः 04:30 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के उपरान्त किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

विज्ञप्ति नोटिस बोर्ड पर चस्पा हो। कम्प्यूटर अनुभाग जनपद न्यायालय उन्नाव एवं माननीय उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कराया जाये।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, उन्नाव को व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रतिष्ठित स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हो।

जनपद न्यायाधीश,
उन्नाव।
28/2/25

Copy forwarded to... O.I.C. Computer
for information and necessary action

Chief Administrative Officer
Civil Court, Unnao
28.2.25